राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
बृहस्पतिवार ● 1 दिसम्बर ● 2022

# स्कूल में अंतर विद्यालय कला एवं शिल्प प्रतियोगिता

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में विद्यालय की संस्थापिका कृष्णा पाठक की पुण्य स्मृति में अठारहवीं अंतर विद्यालय कला एवं शिल्प प्रतियोगिता बुधवार को आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दिल्ली के 103 विद्यालयों के 3540 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

स्कूल की प्रधानाचार्य रुमा पाठक ने कहा कि कल्पना और वास्तविकताओं के बीच सदैव ही कला मानव की सबसे शानदार उपलब्धि रही है। बच्चों के लिए तो कला उनके भीतर सुप्त प्रतिभाओं को बाहर निकालने का एक सहज माध्यम है। कोविड-19 के निराशाजनक वातावरण के बाद यह पहला अवसर था जब इतनी बड़ी संख्या में छात्रों ने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता 17 सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित विभिन्न विषयों से संबंधित थी जो कि छात्रों के मानसिक स्तर और उनकी रुचि के अनुकूल थे।

इसमें उन्होंने चित्रकला, रंगोली, शिल्प कला आदि माध्यमों से अपने मनोभावों को कुशलता से व्यक्त करते हुए अपने सपनों, कल्पनाओं और रंगों का खूबसूरती से प्रयोग किया। उनकी रचनाएं देख कर निर्णायक मंडल के अध्यक्ष विद्यालय के निदेशक सोमेश ऋषि पाठक, प्रधानाचार्या रूमा पाठक एवं गणमान्य अतिथियों एसके रे, सुधीर खुराना और डॉ. अमित कुमार कला विभाग की प्रभारी व अन्य सदस्यों के लिए यह निर्णय करना कठिन हो गया कि किस छात्र की कलाकृति सर्वश्रेष्ठ है। सभी ने छात्रों द्वारा बनाई कलाकृतियों की भूरी भूरी प्रशंसा की।